अंतर्राष्ट्रीय प्रेस संस्थान

प्रिलिम्स के लिये

अंतर्राष्ट्रीय प्रेस संस्थान

मेन्स के लिये

पत्रकारों के विरुद्ध होने वाली हिंसा को रोकने के लिये विभिन्न उपाय

चर्चा में क्यों?

हाल ही में अंतर्राष्ट्रीय प्रेस संस्थान (International Press Institute-IPI) ने इस बात को उजागर किया है कि पत्रकारों के खिलाफ होने वाले अपराधों में वृद्धि जारी है क्योंकि सरकारें इन मामलों की जाँच करने में विफल रही हैं।

प्रमुख बिंदु:

- प्रत्येक वर्ष 2 नवंबर को 'पत्रकारों के खिलाफ अपराधों की समाप्ति के लिये अंतर्राष्ट्रीय दिवस' (International Day to End Impunity for Crimes against Journalists) मनाया जाता है।
    - संयुक्त राष्ट्र महासभा ने दिसंबर 2013 के महासभा प्रस्ताव में इस दिन की घोषणा की थी।
    - इसने सदस्य देशों से आग्रह किया कि वे असुरक्षा की संस्कृति का सामना करने के लिये निश्चित उपायों को लागू करें।
    - 2 नवंबर, 2013 को माली में दो फ्राँसीसी पत्रकारों की हत्या की याद में इस तारीख को चुना गया था।
- IPI संपादकों, मीडिया अधिकारियों और अग्रणी पत्रकारों का एक वियना-आधारित वैश्विक नेटवर्क है जो गुणवत्ता, स्वतंत्र पत्रकारिता को बढ़ावा देने के लिये प्रयास करता है।

गठन:

- वर्ष 1950 में प्रेस की स्वतंत्रता को बढ़ावा देने और उसकी रक्षा करने तथा पत्रकारिता की प्रथा को सुधारने हेतु 15 देशों के 34 संपादकों ने कोलंबिया विश्वविद्यालय में एकत्रित होकर इस वैश्विक संगठन का गठन किया।
    - वर्ष 2020 में इसकी 70वीं वर्षगाँठ है।
- मूल सचिवालय वर्ष 1951 में ज़्यूरिख (स्विट्ज़रलैंड) में स्थापित किया गया था, जिसे वर्ष 1976 में लंदन और फिर वर्ष 1992 में वियना में स्थानांतरित कर दिया गया।

उद्देश्य:

- उन स्थितियों को बढ़ावा देना जो पत्रकारिता को अपने सार्वजनिक कार्य को पूरा करने की अनुमति देती हैं, जिनमें सबसे महत्त्वपूर्ण है मीडिया के हस्तक्षेप से मुक्त और प्रतिशोध के डर के बिना इसकी संचालन क्षमता को बनाए रखना।
- जहाँ कहीं भी उन्हें धमकी दी जाती हो, वहाँ उनकी स्वतंत्रता की रक्षा करना और खबरों का मुक्त प्रवाह बनाए रखना।

स्रोत- द हिंदू

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/international-press-institute